प्रादेशिक समाचार
02.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

राज्य के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 4 जून को होनेवाली मतगणना को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसे लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। रांची लोकसभा सीट की मतगणना के लिए लगभग 700 कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया है। रांची के पंडरा बाजार में सुबह आठ बजे मतगणना शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू की जायेगी।

****

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सांसद राहुल गांधी, पार्टी महासचिव के. सी. वेणुगोपाल तथा पार्टी के नेताओं ने आज नई दिल्ली में वर्चुअल माध्यम से एक बैठक की। बैठक में, पार्टी की मतगणना–पूर्व की रणनीति पर चर्चा की गयी। बैठक में कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार, पार्टी नेता और प्रदेश अध्यक्ष शामिल थे।

****

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के बारे में कई निजी टीवी चौनलों और अन्य एजेंसियों के एक्जिट पोल के आंकड़े खारिज कर दिए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि एक्जिट पोल पूरी तरह फर्जी हैं। उन्होंने दोहराया कि इंडी गठबंधन को 295 सीट मिलेंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि एक्जिट पोल का परिणाम भाजपा का मनोवैज्ञानिक खेल है, जो उनके नेताओं और कार्यकर्ताओं का विश्वास डिगाना चाहता है।

****

रांची के बिरसा मुंडा जेल में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से लगभग पौने दो घंटे की मुलाकात पर भारतीय जनता पार्टी ने जेल मैनुअल के उल्लंघन का आरोप लगाया है। भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार को कल ज्ञापन सौंप कर शिकायत दर्ज कराई है। इस प्रतिनिधिमंडल में अधिवक्ता सुधीर श्रीवास्तव सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।

****

रांची के रातू थाना क्षेत्र में आज बस की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी, जबकि एक बच्चा घायल हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने रांची–डाल्टेनगंज मार्ग एनएच 75 पर जाम लगा दिया, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इधर, रामगढ़ जिले के पतरातु–रामगढ़ मुख्य मार्ग पर बीती रात हाईवा ने एक ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में ऑटो पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बेहतर इलाज के लिए रांची में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बरकाकाना मुख्य मार्ग को जाम कर दिया।

****

पुलिस ने रांची के लालपुर थाना क्षेत्र स्थित एक स्पा सेंटर में छापेमारी कर आठ से दस लड़के–लड़कियों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों से थाने में पूछताछ की जा रही है।

****

गिरिडीह के भेलवाघाटी से पुलिस ने मध्याह्न भोजन का चावल चुराने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में प्राथमिक विद्यालय का एक सहायक अध्यापक भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर एक दुकान में छापेमारी की गयी, जहां से चोरी किए गए चावल को बरामद कर लिया गया है।

****

पश्चिमी सिंहभूम ज़िला प्रशासन की ओर से नशे के विरूद्ध जागरुकता अभियान चलाया जाएगा।

****

रेलवे सुरक्षा बल, आरपीएफ ने ओडिशा के रायगढ़ा से अपहृत एक लड़की को रांची रेलवे स्टेशन से बरामद किया है। सुरक्षा बल के जवानों ने अपहरण के आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

****

ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानंद नॉर्वे चेस टूर्नामेंट के पांचवें दौर में विश्व के नम्बर–2 खिलाड़ी अमरीका के फैबियानो कारुआना को हराकर विश्व के दस सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी प्रज्ञानंदा, साढ़े आठ अंकों के साथ अब प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर हैं। प्रतियोगिता के महिला वर्ग में, आर. वैशाली ने चीन की टिंगकी लेई को हराकर 10 अंकों की बढ़त बनाए रखी है।

*******समाप्त*******